आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 17.01.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय खेल पुरस्कार–2024 प्रदान किए।
- चमोली जिला प्रशासन, दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के शत–प्रतिशत मतदान के लिए विशेष जागरूकता अभियान चला रहा है।
- बागेश्वर के उत्तरायणी मेले में जड़ी–बूटी के उत्पादों को खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कल से बर्फबारी और बारिश की संभावना।

**राष्ट्रीय खेल पुरस्कार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार–2024 प्रदान किए। विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पेरिस ओलंपिक में दोहरी पदक विजेता मनु भाकर, पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पिछले चार वर्षों में किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। पैरा–शूटिंग कोच सुभाष राणा, शूटिंग कोच दीपाली देशपांडे, हॉकी कोच संदीप सांगवान, बैडमिंटन कोच एस. मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो ए. कोलाको को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार भी दिया गया।

**दिव्यांग मतदाता चमोली**

निकाय चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं और वरिष्ठ नागरिकों के शत–प्रतिशत मतदान के लिए चमोली जिला प्रशासन, विशेष जागरूकता और प्रोत्साहन अभियान चला रहा है। जिले की 10 निकायों में 250 दिव्यांग और 265 वरिष्ठ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनकी सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर रैम्प, शौचालय, बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। नोडल अधिकारी धनंजय लिंगवाल ने बताया कि मतदान दिवस पर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए मतदान में सहायता के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था के साथ ही प्रत्येक मतदेय स्थल पर तीन से चार वालंटियर की तैनाती की गई है। साथ ही प्रत्येक निकाय में दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है। वहीं कम नजर वाले दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पर मैग्नीफाइंग ग्लास की व्यवस्था भी की गई है।

**टनल पार्किंग**

प्रदेश सरकार राज्य के कई स्थानों पर टनल पार्किंग के साथ ही शहरों में भी अंडरग्राउंड पार्किंग बनाने की योजना बना रही है। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, इसलिए सरकार का सबसे ज्यादा फोकस पार्किंग पर है। उन्होंने कहा कि टनल पार्किंग और अंडरग्राउंड पार्किंग को लेकर सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि टनल पार्किंग वाला उत्तराखंड पहला प्रदेश होगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर शहरों में अंडरग्राउंड पार्किंग भी बनाए जाएंगी।

**यातायात व्यवस्था**

देहरादून की यातायात व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को नया रूप देने की दिशा में जिला प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि शहर के 11 प्रमुख स्थानों पर नई ट्रैफिक लाइट लगाने का काम अगले महीने से शुरू होगा। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इसके साथ ही, पुलिस विभाग के सीसीटीवी कैमरों को स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाएगा। वर्षों से लंबित इस कार्य के लिए जिलाधिकारी ने फंड की व्यवस्था की है और परियोजना को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**जड़ी बूटी बाजार**

बागेश्वर के ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले में जड़ी–बूटी के उत्पादों को खरीदने के लिए लोग दूर–दूर से आ रहे हैं। मेले में धारचूला, मुनस्यारी के दारमा, जोहार, व्यास, चौंदास और बागेश्वर के दानपुर से आए जड़ी बूटी के व्यापारियों के सामानों की काफी मांग है। ये जड़ी–बूटियां रोजमर्रा के उपयोग के साथ ही बीमारियों में दवा का भी काम करती हैं। दारमा घाटी के बोन गांव की मनीषा बोनाल ने बताया कि उनका परिवार करीब 50 सालों से इस मेले में आ रहा है। उन्होंने बताया कि इन जड़ी–बूटियों की अब वो खेती भी करते है। ये जड़ी बूटियां स्वास्थ्य वर्धक होती है।

**रेखा आर्या**

खेल मंत्री रेखा आर्य ने प्रदेश में इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में राष्ट्रीय खेलों से संबंधित झांकी को भी सम्मिलित किए जाने का मुख्य सचिव से अनुरोध किया है। मुख्य सचिव को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल होना गौरव की बात है और इससे लोगों में जन–जागरुकता आएगी।

## मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कल हुई बर्फबारी, और निचले हिस्सों में बारिश होने से तापमान में कमी आई है। बारिश–बर्फबारी के चलते दिन का अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि रात के समय तापमान सामान्य रहा। मौसम विभाग ने आज प्रदेश में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है। विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने कहा कि कल से उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चमोली जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और हल्की बारिश हो सकती है। जबकि अन्य क्षेत्रों में बादल छाए रहने की संभावना है।

## सडक सौंदर्यीकरण

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी आलोक कुमार पाण्डेय ने ''मेरा गांव मेरी सड़क'' योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कर ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों का निर्माण केवल यातायात के लिए नहीं, बल्कि गांवों के सौंदर्यीकरण के लिए भी किया जा रहा है। इसीलिए, सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में इंटरलॉकिंग टाइल्स का उपयोग अनिवार्य किया गया है, ताकि सड़कें अधिक मजबूत और टिकाऊ बन सकें।